बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

BSEIDC

(A Govt. of Bihar Undertaking)

ISO 9001:14001; OHSAS 18001

Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasha Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna - 800 004

Tel. No. : 0612 - 2660850 • Fax No. : 0612 - 2660256

E-mail : bseidc@gmail.com • Website : http://www.bseidc.in • CIN : U80301BR2010SGC015859

पत्रांक– BSEIDC/TECH/289/2019/- 1597 पटना, दिनांकः......28.02.2020

प्रेषक,

मुख्य अभियंता
BSEIDC, पटना।

सेवा में,

M/S Diamond Construction,
Murarpur, Turkauliya, East Champaran,
Bihar, Pin-845437

विषयः– **ग्रुप सं०–USS-50 के तहत ''म० वि० भोजपट्टी, म० वि० चांदपुर, म० वि० शाहपुरपट्टी एवं म० वि० गोरीगामडीह'' के भवन का निर्माण कार्य (एकरारनामा सं०–43 SBD of 2012-13 दिनांक–17.07.2012) को SBD के Clause of Contract के प्रावधानों के अंतर्गत Rescind करने के संबंध में।**

प्रसंगः कार्यपालक अभियंता, तिरहुत (पूर्वी) प्रमण्डल का पत्रांक–1360 दिनांक–09.12.2019, पत्रांक–1287 दिनांक–22.11.2019, पत्रांक–991 दिनांक–17.09.2019, पत्रांक–240 दिनांक–05.04.2019, पत्रांक–813 दिनांक–24.11.2018, पत्रांक–535 दिनांक–22.08.2018, पत्रांक–301 दिनांक–04.05.2018ए पत्रांक–544 दिनांक–18.10.2017 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–BSEIDC/TECH/135/2019-101, दिनांक–07.01.2020 ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के आलोक में कहना है कि **ग्रुप सं०–USS-50** के तहत **''म० वि० भोजपट्टी, म० वि० चांदपुर, म० वि० शाहपुरपट्टी एवं म० वि० गोरीगामडीह''** का भवन निर्माण कार्य का एकरारनामा **(सं०–43 SBD of 2012-13)** दिनांक–17.07.2012 को किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 16.07.2013 (01 वर्ष) थी। कार्य की समाप्ति की तिथि से 06 वर्ष से भी ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद अभी तक आपके द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। कार्यपालक अभियंता, तिरहुत (पूर्वी) प्रमण्डल के प्रासंगिक पत्रों द्वारा भी आपको कार्य पूर्ण करने हेतु बार–बार निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, तिरहुत (पूर्वी) प्रमण्डल के पत्रांक–1360 दिनांक–09.12.2019 द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं कराये जाने के कारण बाध्य होकर एकरारनामा को विखंडित करने की अनुशंसा की गई। तद्आलोक इस कार्यालय के पत्रांक–BSEIDC/TECH/135/2019-101, दिनांक–07.01.2020 द्वारा कार्य की अत्यन्त धीमी प्रगति के कारण एकरारनामा की सुसंगत कंडिकाओं के तहत विषयक एकरारनामा को आपके Risk & Cost पर विखंडित कर Security Deposit को जब्त करते हुए आपके निबंधन को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका 11 क (ii) के आलोक में काली सूची में दर्ज करने के संबंध में कारण पृच्छा की गई एवं दिनांक–17.01.2020 तक अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था जिसके आलोक में आपके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। वर्त्तमान में भी कार्य लम्बी अवधि से बंद है।

Scanned by CamScanner

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं लोकहित/कार्यहित में SBD के कंडिका 3 (iii), (iv), (v) तथा 14(iii) एवं 14x(b) के अंतर्गत Contract Agreement संख्या--50 SBD of 2012-13 दिनांक– 17.07.2012 को तत्काल प्रभाव से आपके Risk & Cost पर विखंडित (Rescind) किया जाता है। साथ ही SBD के कंडिका 3 (vii) (a) के तहत Performance Security जब्त की जाती है।

बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका– 11 क (ii) के आलोक में अन्य कार्रवाई भी की जायेगी।

विश्वासभाजन

ह० 28/02/2020

मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः BSEIDC/TECH/289/2019/- 1597 पटना, दिनांक– 28.02.2020

प्रतिलिपिः कार्यपालक अभियंता, तिरहुत (पूर्वी) प्रमण्डल, BSEIDC को निदेश दिया जाता है कि संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में तिथि निर्धारित कर अंतिम मापी कराकर शेष कार्य का प्राक्कलन एवं परिमाण विपत्र तैयार कर समर्पित करें ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

ह० 28/02/2020

मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः BSEIDC/TECH/289/2019/- 1597 पटना, दिनांक– 28.02.2020

प्रतिलिपिः महाप्रबंधक (वित्त)/कार्यपालक अभियंता (मु०)/लेखा पदाधिकारी, BSEIDC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 28/02/2020

मुख्य अभियंता

Scanned by CamScanner